प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय द्वारा 1972 बैच के एल्यूमिनाई मीट कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर। 15 नवम्बर 2022। विश्वविद्यालय में स्थापना सप्ताह के अवसर पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों में आज कृषि महाविद्यालय प्रांगण में 1972 बैच के कृषि महाविद्यालय के एल्यूमिनाई द्वारा अति हर्षोल्लास तथा गाजे–बाजे के साथ उपस्थित हुए। पचास वर्ष विश्वविद्यालय में विद्यार्थी के रूप में आए और अब सभी लोग सेवानिवृत्त हो गए है, फिर भी उनका उत्साह देखने योग्य था। इस अवसर पर लगभग 70 एल्यूमिनाई अपने परिवार सहित एल्यूमिनाई मीट में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में एल्यूमिनाईयों ने अपनी भावना को व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति, डा. सुरेश चन्द्र मुदगल उपस्थित थे और उन्होंने सभी पूर्व विद्यार्थियों एवं उनके परिवारों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अध्यक्ष विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान, पूर्व विद्यार्थियों द्वारा उनके गोल्डन जुबली वर्ष में विश्वविद्यालय में आने के लिए धन्यवाद दिया तथा प्रसन्नता व्यक्त की और अपेक्षा की कि इसी तरह अन्य एल्यूमिनाई भी विश्वविद्यालय से निरन्तर संपर्क बनाएं। इस अवसर पर कार्यवाहक अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, डा. रमेश चन्द्र ने सभी का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन, सह प्राध्यापक, डा. विपिन ध्यानी ने किया तथा प्राध्यापक एवं सचिव एल्यूमिनाई एसोसिएसन 4ए, डा. जे.पी. जायसवाल ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। 1972 बैच के विद्यार्थियों डा. मुकेश गौतम, डा. बसन्त गांधी, डा. एन.के. अरोरा एवं अन्य ने विश्वविद्यालय में बिताए दिनों के अनुभवों को सभी के साथ साक्षा किया।

कार्यक्रम में मंचासीन विश्वविद्यालय कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अतिथिगण।

निदेशक संचार